सेवा में,

प्रभारी समन्वयक एन0एस0एस0

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ

विषय : एन0एस0एस0 इकाई V द्वारा सत्र 2022-23 में अब तक कराए गए कार्यों के संबंध में।

महोदय,

कृपया अवगत कराना है कि मेरे द्वारा सत्र 2022 -23 में अब तक कराए गए कार्यों का विवरण निम्नवत है।

| क्रम संख्या | दिनांक | कराए गए कार्यों का शीर्षक | |
|---|---|---|---|
| 01 | 03/06/2022 | नेशनल साइकिल दिवस | |
| 02 | 05/06/2022 | विश्व पर्यावरण दिवस | |
| 03 | 10/06/2022 | स्वदेशी खेल महोत्सव | |
| 04 | 21/06/2022 | योग दिवस | |
| 05 | 21/06/2022 | फ़ूड फ़ॉरेस्ट प्लांटेशन एहसास संस्था के साथ | |
| 06 | 16,17 जुलाई 2022 | हर घर तिरंगा अभियान | |
| 07 | 26/07/2022 | कारगिल विजय गाथा दिवस | |
| 08 | 26/07/2022 | स्वच्छता अभियान एवं सेल्फी विद तिरंगा | |
| 09 | 06/08/2022 | तिरंगा यात्रा अमृत महोत्सव | |
| 10 | 09/08/2022 | घर-घर तिरंगा कार्यक्रम अभियान | |
| 11 | 11/08/2022 | तिरंगा यात्रा एवं झंडा वितरण | |
| 12 | 12/08/2022 | वृक्षारोपण एवं तिरंगा वितरण | |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 13 | 31/10/2022 | राष्ट्री एकता दिवस रन फॉर यूनिटी | |
| 14 | 31/10/2022 | राष्ट्री एकता दिवस निबंध प्रतियोगिता | |
| 15 | 23/01/2023 | सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान | |
| 16 | | एक दिवसीय शिविर | |
| 17 | 16/03/2023 To 22/03/2023 | **सात दिवसीय विशेष शिविर** | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

## 01- **नेशनल साइकिल दिवस**

**दिनांक : 03/06/2022**

आजादी का 7वां अमृत महोत्सव के अवसर पर ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा विश्व साइकिल दिवस पर एक साइकिल रैली का आयोजन विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों ने किया। साइकिल रैली का आयोजन कुलपति प्रो. एन.बी.सिंह के सरंक्षण में भाषा विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता,छात्र कल्याण प्रो. सौबान सईद ने हरी झंडी दिखाकर रैली को प्रारंभ किया। साथ ही रैली के समापन पर स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि साइकिल के द्वारा हम अपने शारीरिक स्वास्थ्य के साथ-साथ पर्यावरण का भी ध्यान रख सकते हैं। साइकिल रैली कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ जावेद अख्तर कार्यक्रम अधिकारी डॉ नलिनी मिश्रा,डॉ.पूनम चौधरी,डॉ.शचींद्र शेखर,डॉ.जफरून नकी,डॉ. अभय कृष्णा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों शिरीन,सबीह अहमद,नदीम,अब्दुल कादिर और खुशबू आदि ने प्रतिभाग क

## केएमससी विवि के छात्रों ने निकाली साइकिल रैली

लखनऊ। केएमसी भाषा विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से विश्व साइकिल दिवस पर विश्वविद्यालय परिसर में विद्यार्थियों और स्वयंसेवकों द्वारा साइकिल रैली निकाली गई। भाषा विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, छात्र कल्याण प्रो. सौबान सईद ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। समन्वयक डॉ. जावेद अख्तर कार्यक्रम अधिकारी डॉ. नलिनी मिश्रा, डॉ. पूनम चौधरी, डॉ. शचींद्र शेखर, डॉ. जफरून नकी, डॉ. अभय कृष्णा आदि लोग मौजूद थे।





02- विश्व पर्यावरण दिवस

दिनांक: 05/06/2022 विश्व पर्यावरण दिवस

विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना की यूनिट 5 के द्वारा विवि परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया. जिसमें विवि कुलसचिव, कुलानुशासक, एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ.ज़फरुन नकी सहित सभी स्वयंसेवकों से सहभागिता की।





03- स्वदेशी खेल महोत्सव

दिनांक: 10/06/2022 एवं 11/06/2022

शासन द्वारा आदेशित स्वदेशी खेल महोत्सव के अवसर पर ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा विवि परिसर में कंचे, सिकड़ी और पिट्टू खेलों का आयोजन किया गया. जिसमें विवि NSS समन्वयक, खेल प्रभारी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शचीन्द्र शेखर की उपस्थिति में स्वयंसेवकों ने सहभागिता की



04- विश्व योग दिवस

दिनांक: 21/06/2022

विश्व योग दिवस के अवसर पर ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा विवि परिसर में योग का आयोजन किया गया. जिसमें विवि कुलपति, कुलसचिव,

कुलानुशासक, परीक्षा नियंत्रक, NSS समन्वयक, खेल प्रभारी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज़फरुन नकी सहित विवि के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्रों ने सहभागिता की।



05- फ़ूड फ़ॉरेस्ट प्लांटेशन एहसास संस्था के साथ

दिनांक: 21/06/2022

विश्व योग दिवस के अवसर पर एहसास संस्था के सहयोग से ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा विवि परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत फ़ूड फ़ॉरेस्ट प्लांटेशन का आयोजन किया गया. जिसमें विवि कुलपति, कुलसचिव, कुलानुशासक, परीक्षा नियंत्रक, NSS समन्वयक, खेल प्रभारी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज़फरुन नकी सहित विवि के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्रों ने सहभागिता की।



अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम प्रारम्भ होने से पूर्व अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस की थीम "मानवता के लिये योग" से छात्र छात्राओं को अवगत कराया गया।

योग कार्यक्रम के पश्चात "एहसास" संस्था के संयुक्त तत्वाधान में विश्वविद्यालय के महिला छात्रावास तथा पुरुष छात्रावास में फलदायक वृक्षों का रोपण किया गया। विश्वविद्यालय में कुल 300

र्यक्रम के पश्चात "एहसास" संस्था के संयुक्त तत्वा
द्यालय के महिला छात्रावास तथा पुरुष छात्राव
यक वृक्षों का रोपण किया गया। विश्वविद्यालय में कु
का रोपण किया गया जिसमें इमली, बेल, आमला,
, नींबू, शरीफा, सहजन आदि शामिल रहे। महिला छा
विद्यालय कुलपति, महिला अध्ययन केंद्र की समन्वय
मिश्रा, एएनओ डॉ (ले.) बुशरा अलवेरा तथा राष्ट्री
की कार्यक्रम अधिकारी डॉ पूनम चौधरी के सह
रियों द्वारा वृक्षों का रोपण किया गया। पुरुष छात्रा
शासक डॉ नीरज शुक्ल, कुलसचिव संजय कुमार, राष्ट्री
के समन्वयक डॉ जावेद अख्तर एवं कार्यक्रम अधि
शेखर, डॉ अभय कृष्णा तथा डॉ. जाफरून नकी ने
में अपना योगदान दिया।

र संस्था की संस्थापक एवं महासचिव शचि सिंह ने वि
संदेश दिया कि एक सुंदर एवं स्वस्थ भविष्य के लि
ी महत्वपूर्ण है। पर्यावरणविद अरुण कुमार सिंह ने ज
ा एवं नए पौधों को रोपित करने का संदेश दिया। कार्य
के कार्यक्रम निदेशक श्रीपति रस्तोगी, विपुल सिंह, डॉ
ध्यान, डॉ उदय भास्कर, आदित्य कुमार निगम तथ
त रहे।

किए गए वृक्षों को छात्रावास में रहने वाले विद्यार्थि
देखरेख करने के लिए गोद लिया गया है। इस कार्य
सी कैडेट्स, राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों, शिक्षकों
ों तथा कर्मचारियों ने बढ़-चढ़कर भागीदारी की।



## 06- घर घर तिरंगा अभियान

दिनांक: 16 एवं 17 जुलाई 2022

आज़ादी का 75 वाँ अमृत महोत्सव के अंतर्गत 16 एवं 17 जुलाई को ख्वाजा मोइनुद्दीन भाषा विश्वविद्यालय के राष्ट्रीय स्वयं सेवकों इकाई 5 द्वारा हर घर तिरंगा अभियान चलाया गया।




# 07- कारगिल विजय गाथा दिवस

दिनांक:26/07/2022

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कारगिल विजय दिवस समारोह के पावन अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण 'राष्ट्रीय सेवा योजना' पत्रकारिता एवं जनसंचार विभाग 'सांस्कृतिक समिति एवं एनसीसी के संयुक्त तत्वधान में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत वंदे मातरम गायन के साथ हुई जिसके बाद शिक्षकों और विद्यार्थियों ने विजय गाथा के नारों से विश्वविद्यालय परिसर को गुंजायमान किया तो वही कारगिल विजय गाथा के ऊपर शिक्षक एवं स्वयं सेवकों सेवकों ने अपने विचार

प्रस्तुत किए। विजय दिवस समारोह में कारगिल विजय गाथा से संबंधित एक लघु वृत्य चित्र का प्रदर्शन भी किया गया। साथ ही तिरंगा विद सेल्फी के आयोजन में भी सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। इसके अलावा अधिष्ठाता छात्र कल्याण 'राष्ट्रीय सेवा योजना ने ग्रीन ग्रीन कैंपस क्लीन कैंपस के तहत विश्वविद्यालय परिसर को साफ सुथरा करने की मुहिम को भी चलाया। विजय गाथा के इस कार्यक्रम में अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर सोबान सईद' कुलानुशासन डॉ.नीरज शुक्ला 'प्रोफेसर तनवीर खदीजा' एनएसएस समन्वयक डॉ.जावेद अख्तर' डॉ. बुशरा डॉ.ज़फ़रुन नक़ी' डा. शचिंद्र शेखर आदि शिक्षकों' भारी तादाद में स्वयं सेवकों और छात्रों ने प्रतिभाग किया।




## 08- स्वच्छता अभियान एवं सेल्फी विद तिरंगा

दिनांक:26/07/2022

ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में कारगिल विजय दिवस समारोह के पावन अवसर पर विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. एन.बी. सिंह के संरक्षण में एन०

एस०एस० की सभी इकाईयों के स्वयंसेवकों ने विश्वविद्यालय परिसर को साफ सुथरा करने की मुहिम चलाई जिसमें स्वयंसेवकों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कारगिल विजय गाथा के इस कार्यक्रम के अवसर पर सेल्फी विद तिरंगा का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी लोगों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोफेसर सोबान सईद' कुलानुशासन डॉ. नीरज शुक्ला, प्रोफेसर तनवीर खदीजा डॉ०जावेद अख्तर, डा.ज़फ़रुन नक़ी, डा.शचींद्र शेखर,डा.नलिनी मिश्रा,डा.अभय कृष्णा,डा.भीम सिंह सोनकर आदि शिक्षक और छात्र उपस्थित थे।



# 09- तिरंगा यात्रा अमृत महोत्सव

दिनांक: 06/08/2022

ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में आज आजादी का 75 वां अमृत महोत्सव के अंतर्गत दिनांक: 6 अगस्त 2022 को तिरंगा यात्रा का आयोजन विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. एन.बी. सिंह की नेतृत्व में किया गया। तिरंगा यात्रा के आयोजन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, राष्ट्रीय कैडेट कोर के कैडेट, अधिष्ठाता, छात्र कल्याण और महिला अध्ययन केंद्र के द्वारा प्रतिभाग किया गया। तिरंगा यात्रा का शुभारंभ करते हुए माननीय कुलपति प्रो. एन.बी. सिंह ने कहा कि आजादी के दौरान शहीद होने वाले स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की शहादत को याद करते हुए कहा कि हम लोग तिरंगा यात्रा के माध्यम से उन्हें एक श्रद्धांजलि समर्पित कर रहे हैं जिसके द्वारा हम उनके जीवन चरित्र के माध्यम से अपने जीवन को अपने विद्यार्थियों के जीवन के सर्वांगीण विकास को आगे बढ़ा सके। कार्यक्रम को शैक्षणिक भवन के सभागार से प्रारंभ करके विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन पर समापन किया गया जिसमें महिला अध्ययन केंद्र की डॉक्टर नलिनी मिश्रा एनसीसी के डॉक्टर लेफ्टिनेंट बुशरा अलविरा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ.ज़फरून नकी और सहायक अधिष्ठाता, छात्र कल्याण डॉ. शचीन्द्र शेखर के नेतृत्व में सभी विद्यार्थियों ने और स्वयंसेवकों ने तिरंगा यात्रा में भाग लेकर स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों की शहादत को याद किया।




## 10- घर-घर तिरंगा कार्यक्रम अभियान

दिनांक: 09/08/2022

आज़ादी के 75वां अमृत महोत्सव के पावन अवसर पर घर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत 09/08/2022 को ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई V के स्वयंसेवकों द्वारा अपने अपने निवास पर हर्षोल्लास से तिरंगा फहराया।




## 11- तिरंगा यात्रा एवं झंडा वितरण

दिनांक: 11/08/2022

ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में आजादी के 75 वां अमृत महोत्सव के पावन अवसर पर कुलपति प्रो. एन. बी. सिंह के नेतृत्व में तिरंगा झंडे का वितरण एवं तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया | तिरंगा यात्रा का आयोजन प्रशासनिक भवन से प्रारंभ होकर चक्कर पुरवा गांव जाकर खत्म हुआ | चक्कर पुरवा गांव में कुलपति ने वहां के निवासियों के साथ संवाद किया उन्हें आजादी के दौरान हुए संग्राम एवं सेनानियों के ब्रारे में अवगत कराया वहां के बच्चों से स्वतंत्रता से संबंधित प्रश्न पूछे गए एवं तिरंगा वितरण का कार्यक्रम राष्ट्रीय सेवा योजना के सहयोग से कराया गया| कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा की सेनानियों के संघर्ष

को याद करने के लिए आजादी के 75 में स्वर्णिम काल में हम लोग उन्हें तिरंगा यात्रा के द्वारा स्मरण कर रहे हैं कुलपति जी ने विद्यार्थियों एवं गांव वासियों को संबोधित करते हुए कहा कि हम सभी को अपने सेनानियों के प्रति जानने की इच्छा रखनी चाहिए उनसे जीवन जीने की प्रेरणा लेनी चाहिए साथ ही साथ एक स्वस्थ एवं जागरूक नागरिक के रूप में एकत्रित होकर राष्ट्र निर्माण में भूमिका अदा करनी चाहिए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक डॉ. जावेद अख्तर, कार्यक्रम अधिकारी क्रमशः डॉ. नलिनी मिश्रा, डॉ. पूनम चौधरी, डॉ. शचीन्द्र शेखर, डॉ. अभय कृष्ण और डॉ. ज़फरून नकी के साथ-साथ भारी तादाद में स्वयंसेवक एवं चक्कर पुरवा गांव के निवासियों की उपस्थिति एवं सहभागिता रही।



# 12- वृक्षारोपण एवं तिरंगा वितरण

दिनांक: 12/08/2022

आज़ादी के 75वां अमृत महोत्सव के पावन अवसर पर ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ की राष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा गोद लिए गाँव में 12/08/2022 को वृक्षारोपण एवं तिरंगा वितरण का कार्यक्रम डॉ.जावेद अख्तर, डॉ. शचीन्द्र शेखर, डॉ. ज़फरून नकी, स्वयंसेवकों विद्यार्थियों और गाँव के निवासियों के सहयोग से किया गया।



# 13- रन फार यूनिटी

दिनांक: 31/10/2022

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में माननीय कुलपति प्रो. एन. बी.सिंह के मार्गदर्शन में "लौह पुरुष" सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय एकता दिवस के तत्वधान में "रन फार यूनिटी" का विश्वविद्यालय परिसर में आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई V के स्वयंसेवकों ने भारी संख्या में बढ़-चढ़कर प्रतिभाग किया। इसके अलावा एनसीसी' रोवर रेंजर एवं विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं ने भी भाग लिया।



## 14- निबंध प्रतियोगिता

दिनांक: 31/10/2022

ख़्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ में माननीय कुलपति प्रो. एन. बी. सिंह के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई V के द्वारा "लौह पुरुष" सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्म दिवस के अवसर पर 'राष्ट्रीय एकता दिवस' के तत्वधान में एक निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें स्वयंसेवकों के साथ विश्वविद्यालय के छात्र छात्राओं ने भी प्रतिभाग किया।



# 15-सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

दिनांक: 23/01/2023

ख़्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में माननीय कुलपति प्रो. एन. बी. सिंह के संरक्षण में राष्ट्रीय सेवा योजना के नेतृत्व में 'सड़क सुरक्षा' अभियान चलाया गया। इसी क्रम में स्वयंसेवकों , छात्रों एवं छात्राओं द्वारा सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कार्यक्रम भी किया गया। इस अभियान के माध्यम से छात्र छात्राओं ने मानव श्रृंखला बनाकर विश्वविद्यालय तथा आसपास के क्षेत्रों में लोगों को सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। डॉ. ज़फरून नकी ,डॉ. नलिनी मिश्रा, डॉ शचीन्द्र शेखर, डॉ पूनम चौधरी और डॉ अभय कृष्णा ने इस कार्यक्रम में अपना योगदान दिया।










वि में सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कार्यक्रम आ



साथ ही विश्वविद्यालय में महिला अध्ययन केंद्र तथा राष्ट्रीय सेवा मोयना समन्वयक डॉ नलिनी मिश्रा के नेतृत्व में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में स्वयंसेवकों और छात्रों द्वारा सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अभियान के माध्यम से छात्र-छात्राओं ने मानव श्रृंखला बना कर विश्वविद्यालय तथा आसपास के क्षेत्रों में सड़क सुरक्षा नियमों की जानकारी दी। कार्यक्रम में विश्व विद्यालय के विद्यार्थियों ने भारी संख्या में प्रतिभागिता की। राष्ट्रीय सेवा योजना



नागरिक सत्ता, लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय लखनऊ की रोवर्स-रेंजर्स यूनिट ने आज सड़क सुरक्षा जागरूकता माह के अंतर्गत नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर सड़क सुरक्षा मानव श्रृंखला एवं सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण समारोह

# 16- एक दिवसीय शिविर

26/07/2022

1-एनएसएस के स्वयंसेवकों द्वारा विश्वविद्यालय परिसर की साफ-सफाई की गई और पॉलीथिन का उपयोग नहीं करने का संकल्प लिया गया।

03/08/2022

2- एनएसएस स्वयंसेवकों ने विश्वविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाकर छात्रों को जागरूक किया।

12/08/2022

3-एनएसएस के स्वयंसेवकों ने विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गाँव वृक्षारोपण के द्वारा गांव वालों को पर्यावरण के संबंध में जानकारी दी गई और यह वृक्ष वातावरण को साफ सुथरा रखने में कितनी अहम भूमिका निभाते हैं और इसके ना होने ना के कारण वातावरण दूषित हो सकता है। स्वयंसेवकों द्वारा यह सब जानकारी गांव वालों को दी गई।

15/03/2023

4-विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गए गाँव की रहोड़ा पुरवा की सफाई करते हुए स्वयंसेवकों ने संदेश देकर लोगों को जागरूक किया और गांव के लोगों को भी अपने गांव को साफ रखने के लिए संकल्प दिलाया।




# 17-सात दिवसीय विशेष शिविर

ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव रहोड़ा पुरवा में माननीय कुलपति प्रो. एन. बी. सिंह के संरक्षण में एन.एस.एस. प्रभारी समन्वयक डॉ. नलिनी मिश्रा के नेतृत्व में डा. ज़फ़रुन नक़ी ने राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 5 के द्वारा 16/03/2023 से 22/03/2023 तक एक सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया।

16/03/2023 को 'शिक्षा जागरूकता अभियान' के अंतर्गत शिक्षा जागरूकता गतिविधियों का आयोजन किया गया। शिविर में स्वयंसेवकों ने गाँव के लोगों से शिक्षा के महत्व पर बात की तथा यह भी बताया कि रोज़गार की प्राप्ति में शिक्षा कितनी महत्व होती है। साथ ही गाँव के बच्चों एवं छात्रों को शिक्षा के प्रति जागरूक करने के लिए शिक्षा की प्रसांगिकता और महत्ता पर भी अभियान चलाया।

17/03/2023 को स्वयं सेवकों ने गाँव में "स्वास्थ्य जागरूकता" अभियान चलाया यह एक महत्वपूर्ण विषय है जैसा कि हम भारत में जानते हैं, वहां कई लड़कियां, बच्चे हैं जो एनीमिया से पीड़ित हैं।स्वयं सेवकों ने सीमित संसाधनों में लोगों को अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखने के लिए कहा और जागरूक किया।

18/03/2023 को गोद लिए गए गाँव रहोड़ा पुरवा में सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत 'सेव वाटर सेव अर्थ' की थीम पर शिविर के तीसरे दिन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. ज़फरून नकी ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि जल ही जीवन है जल के बिना हमारा अस्तित्व ही संभव नहीं है। इसलिए हमें जल के संरक्षण और इसके संवर्धन के उपाय के बारे में सोचना चाहिए। साथी पृथ्वी संरक्षण की भूमिका और महत्ता के बारे में बताया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने गाँव के लोगों को जल के आधारभूत कारकों से अवगत कराकर जन जागरूकता अभियान भी चलाया।

19/03/2023 को आशा विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना ने सात दिवसीय विशेष शिविर में स्वयं सेवकों ने गांव में रहने वाले बुजुर्ग पुरुषों एवं महिलाओं के साथ संवाद कार्यक्रम चलाया कार्यक्रम के माध्यम से समाज सेवकों ने बुजुर्गों के साथ समय व्यतीत कर के उनके मनोभाव तथा समस्याओं को समझने का प्रयास प्रयास किया इस गतिविधि का उद्देश्य समाज सेवकों में बुजुर्ग व्यक्तियों के प्रति संवेदनशीलता विकसित करना रहा।

20/03/2023 को स्वयं सेवकों ने "स्वच्छता जागरूकता" और प्लास्टिक के उपयोग के खतरों के बारे में चर्चा की और काम किया।दोनों आज के समय के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण विषय थे और उन्होंने प्रत्येक व्यक्ति को स्वच्छता के लाभ और प्लास्टिक से होने वाले नुकसान से परिचित कराया।

21/03/2023 को सात दिवसीय विशेष विशेष शिविर के अंतर्गत रहोड़ा पुरवा गांव में समाज सेवकों ने गांव वासियों से अधिक से अधिक पौधे लगाने की अपील की। छात्र-छात्राओं ने वृक्षारोपण से होने वाली महत्ता के बारे में बताया साथ ही गांव में पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम के दौरान स्वयंसेवकों ने गांव के लोगों को पौधारोपण के आधारभूत कारकों को कारकों से अवगत कराकर जन जागरूकता अभियान चलाया इसके साथ ही प्राथमिक विद्यालय और और अपूर्व के बच्चों को वृक्षों से होने वाले लाभों से अवगत भी कराया।

22/03/2023 को स्वयंसेवकों ने एक सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में स्वयंसेवकों ने शिविर के अपने अनुभवों को गाँव के लोगों से साझा किया।

## ...श्वविद्यालय में एनएनएस तथा रोवर्स ...त तथा पांच दिवसीय शिविरों का प्रथम...





## द्वारा किया जा रहा विशेष शिविर का आयोजन





## ...बुजुर्गों व महिलाओं के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



अमृत विचार : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना अभियान जारी है। रविवार को भी एनएसएस के स्वयंसेवकों ने बुजुर्गों व महिलाओं के प्रति जागरूक करते हुए लोगों में संवेदनशीलता विकसित करने का प्रयास किया। इस दौरान ग्रामीणों ने संवाद में हिस्सा लिया।

## ...ग्रामवासियों से की अपील

लखनऊ। ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के एनएसएस यूनिट तीन तथा पांच द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत ककौली गांव में स्वयंसेवकों ने गांव में जाकर लोगों को समझाते हुए पेड़ पौधे अधिक से अधिक लगाने की ग्राम वासियों से अपील की। छात्र छात्रों ने वृक्षारोपण से होने वाली महत्ता के बारे में बताया, साथ ही गांव में पौधारोपण भी किया। कार्यक्रम के दौरान छात्रों ने गांव के लोगों को पौधारोपण के आधारभूत कारकों से अवगत कराकर जन जागरुकता अभियान चलाया साथ ही प्राथमिक एवम माध्यमिक विद्यालय ककौली के बच्चों को वृक्षों से होने वाले लाभों से अवगत भी कराया। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 1 द्वारा ग्राम लोखरिया में सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिन और छठवें दिन पर्यावरण संरक्षण तथा स्वच्छता विषयक पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वयंसेवकों ने प्रभारी समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ नलिनी मिश्रा के मार्गदर्शन में ग्राम लोखरिया में वृक्षारोपण किया। साथ ही ग्राम वासियों को पर्यावरण संरक्षण के लाभ बताते हुए जागरूकता कार्यक्रम चलाया। गांव में ...

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

### विशेष शिविर

अमृत विचार : ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के एनएसएस सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत ककौली गांव में स्वयंसेवकों ने गांव में जाकर लोगों को पौधे अधिक से अधिक लगाने को लेकर प्रेरित किया। इस दौरान ग्रामीणों को छात्र छात्राओं ने ... शिविर के पांचवे दिन और छठवें दिन 'पर्यावरण संरक्षण' तथा 'स्वच्छता' विषयक पर कार्यक्रम आयोजित किया गया।

स्वयंसेवकों ने प्रभारी समन्वयक राष्ट्रीय सेवा योजना डॉ. नलिनी मिश्रा के मार्गदर्शन में ग्राम लोखरिया में पौधरोपण किया। साथ ही ग्राम ...




GPS Map Camera
Lucknow, Uttar Pradesh, India
WVHW+VF8, Prabandh Nagar, Mubarakpur, Lucknow, Uttar Pradesh 226201, India
Lat 26.929235°
Long 80.896632°
GPS Map Camera
Lucknow, Uttar Pradesh, India
WVHW+VF8, Prabandh Nagar, Mubarakpur, Lucknow, Uttar Pradesh 226201, India
GPS Map Camera
Lucknow, Uttar Pradesh, India
WVHW+VF8, Prabandh Nagar, Mubarakpur, Lucknow, Uttar Pradesh 226201, India
Lat 26.929235°
Long 80.896632°
GPS Map Camera
Lucknow, Uttar Pradesh, India
WVHW+VF8, Prabandh Nagar, Mubarakpur, Lucknow, Uttar Pradesh 226201, India
GPS Map Camera
Allu Nagar Diguria, Uttar Pradesh, India
WWC4+PCH, MOHABBATE Road, Madiyanva, Allu Nagar Diguria, Uttar Pradesh 226020, India
GPS Map Camera
Allu Nagar Diguria, Uttar Pradesh, India
WWF4+WVW, Madiyanva, Allu Nagar Diguria, Uttar Pradesh 226013, India
Lat 26.924803°
Long 80.907194°
GPS Map Camera
Allu Nagar Diguria, Uttar Pradesh, India
WWF4+WVW, Madiyanva, Allu Nagar Diguria, Uttar Pradesh 226013, India


GPS Map C
Allu Nagar Diguria, Uttar Pradesh, I
WWF5+P76, Madiyanva, Allu Nagar Diguria, Uttar
226020, India
Lat 26.924036°
Long 80.907699°
18/03/23 12:45 PM GMT +05:30
GPS Map C
Allu Nagar Diguria, Uttar Pradesh, I
WWF5+P76, Madiyanva, Allu Nagar Diguria, Uttar
226020, India
Lat 26.924529°
Long 80.908271°
21/03/23 01:27 PM GMT +05:30
GPS Map Camera
Allu Nagar Diguria, Uttar Pradesh, India
WWF5+P76, Madiyanva, Allu Nagar Diguria, Uttar Pradesh
226020, India
GPS Map Camera
Allu Nagar Diguria, Uttar Pradesh, India
Allu Nagar Diguria, Uttar Pradesh, India
Allu Nagar Diguria, Uttar Pradesh, India
Allu Nagar Diguria, Uttar Pradesh, India